एक नजर

वर्दी की स्वच्छता और परेड के विभिन्न तरीकों का कराया अभ्यास, ड्यूटी के प्रति सजग रहने की दी गई सीख

रूपईडीहा बहराइच। विकासखंड नवाबगंज मुख्यालय परिसर में प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) की मासिक परेड का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण बीओपीआरडी अजय कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान उन्होंने जवानों की वर्दी, अनुशासन एवं परेड की गतिविधियों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जवानों को साफ-सुथरी वर्दी पहनने और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनरल सैल्यूट, कदमताल सहित परेड के विभिन्न तरीकों का अभ्यास कराया गया। बीओ पीआरडी अजय कुमार गुप्ता ने जवानों को अपनी ड्यूटी के प्रति सजग, जिम्मेदार एवं अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए।इस अवसर पर रविंद्र नाथ मिश्रा, वीरेंद्र कुमार सोनकर, जटाशंकर पाठक, लालचंद तिवारी, वीरेंद्र नाथ पाठक, अखिलेश कुमार, सहज राम गौतम, उदय राज, पप्पू, रामकिशन सरोज, तीरथ राम मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार, रामकुमार यादव, प्यारे गिरी, रामप्रसाद, विक्रम प्रसाद, राजकुमार सहित लगभग तीन दर्जन पीआरडी जवान मौजूद रहे।

वोटर बनें अभियान के अंतर्गत विशेष अभियान आयोजन, चेयरमैन द्वारा किया गया निरीक्षण



रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा में चलो वोटर बनें अभियान के अंतर्गत कोई ओटर छूटने ना पाए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) के लिए विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में बीएलओ एवं कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं के फॉर्म की जांच और सत्यापन का कार्य किया गया। टेबल पर रखे फॉर्मों को बारीकी से चेक किया गया, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटने न पाए इस कार्य में नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य उपस्थित रहे उन्होंने स्वयं वोटर लिस्ट कार्य का निरीक्षण करके उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कोई भी मतदाता छूटने ना पाए के संकल्प के साथ कार्य किया जाए। सभी कर्मचारियों से चेयरमैन ने कहा कि चलो वोटर बनें अभियान卐 का मुख्य उद्देश्य है कि नगर का हर 18 वर्ष से ऊपर का पात्र नागरिक मतदाता बने। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब हर व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, या जिनके नाम, पता आदि में कोई त्रुटि है, वे समय रहते अपना फॉर्म भरकर बीएलओ से संपर्क करलें अपना फार्म भरकर अपना मत देने का अधिकार प्राप्त करें ।

व्यापारियों को किया जागरूक, बताए नियम

महमूदाबाद (सीतापुर)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा एक निजी होटल में व्यापारियों के साथ जागरूकता बैठक की गई। विशेषज्ञों ने खाद्य सुरक्षा एवं प्रमाणन कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया। सहायक खाद्य आयुक्त अमित सिंह ने व्यापारियों को बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य खाद्य व्यवसायों में स्वच्छता और सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाना है। प्रशिक्षक दीबा मजहर ने कहा कि प्रमाणन प्रमाण पत्र आमतौर पर दो साल के लिए वैध होता है, जिसके बाद नवीनीकरण जरूरी है। इनका उद्देश्य खाद्य कारोबारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता, गुणवत्ता और नियमों की जानकारी देकर प्रशिक्षित खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक तैयार करना है। शिविर में व्यक्तिगत स्वच्छता, परिसर की सफाई, खाद्य पदार्थों के भंडारण व गुणवत्ता मानक, संदूषण से बचाव और लाइसेंसिंगध्अनुपालन के नियम भी बताए गए। खाद्य व्यापारियों को कोविड के दौरान जारी की गई गाइड लाइन का हमेशा अनुपालन करना होगा। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय जायसवाल, रामकुमार, सीवी गुप्ता, जियाउर्रहमान, मुकेश सहित व्यापारी शामिल रहे।

भाजपा नेता और अस्पताल कर्मी आमने-सामने

महमूदाबाद (सीतापुर)। करीब तीन माह पूर्व हुए प्रसव में आपरेशन के नाम पर पैसा लेने का आरोप लगाते हुए दो दर्जन ग्रामीण महिला अस्पताल में धरने पर बैठकर हंगामा करते हुए जोर-जोर से नारे लगाने लगे। शोर-शराबा सुन अस्पताल स्टाफ घबरा गया और बाहर निकल आया। हंगामे के साथ अभद्र भाषा बोले जाने से आक्रोशित अस्पताल स्टाफ भी धरने पर बैठ गया।

सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने अस्पताल स्टाफ के साथ ग्रामीणों को समझाया। करीब दो घंटे बाद ग्रामीण तहसील चले गए और उसके बाद स्टाफ काम पर लौट गया। 31 अगस्त को खुशुरुवा के आशीष चौधरी अपनी पत्नी को प्रसव के लिए महमूदाबाद महिला अस्पताल लाए थे। आरोप है कि प्रसव के लिए आपरेशन के नाम पर छह हजार रुपए लिए गए। मामले में आशीष चौधरी द्वारा जिलाधिकारी व सीएमओ को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिलाधिकारी की शिकायत पर सीएमओ ने एसीएमओ अनूप श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ विवेक कनौजिया, डा. नूपुर की संयुक्त टीम बनाकर जांच कराई थी। जांच के दौरान शिकायतकर्ता टीम को रुपए वसूले जाने से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं दिखा सके थे जिसके चलते अस्पताल प्रशासन को क्लीन चिट दे दी गई थी। शनिवार को आशीष चौधरी करीब 25 महिला-पुरुष के साथ सुबह करीब 11 बजे महिला अस्पताल जा पहुंचे और मुख्य गेट के सामने बैठ धरना देते हुए नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे।

शोर सुनकर महिला अस्पताल में तैनात पूरा स्टाफ धबराकर बाहर निकल आया और अभद्र भाषा के साथ हो रहे शोर-शराबे से आक्रोशित होकर गेट के सामने धरने पर बैठ गया। मरीजों को इलाज में दिक्कत होने लगी। सूचना पर अपराध निरीक्षक अनिल सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और दो घंटे बाद ग्रामीणों को धरना देने के लिए तहसील भेज दिया। इसके बाद अस्पताल के कर्मचारी धरना खत्म कर काम पर वापस लौट गए। सीएचसी अधीक्षक डा. आशीष वर्मा ने बताया कि प्रकरण की पूर्व में जांच हो चुकी है, शिकायतकर्ता पैसे लिए जाने से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं दिखा सका थाा जिससे संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों को क्लीनचिट दे दी गई थी। शनिवार को आशीष चौधरी ग्रामीणों को बरगलाकर अस्पताल लाए और हंगामा करते हुए मरीजों के इलाज व एबूंलेंस के परिसर में पहुंचने में बाधा उत्पन्न की।

विधायक ने किया अशोक वाटिका का शिलान्यास

महमूदाबाद (सीतापुर)। नगर पालिका के इंदौरा वार्ड में सीएनडीएस द्वारा 2.80 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे पार्क का शिलान्यास विधायक आशा मौर्या ने शनिवार को किया। विधायक ने हवन-पूजन कर फीता काटते हुए निर्माण का शुभारंभ किया। शनिवार को विधायक आशा मौर्या ने इंदौरा में सीएनडीएस द्वारा 2.80 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे अशोक वाटिका पार्क का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन के साथ फीता काटते हुए शुभारंभ किया। उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार चहुमुखी विकास कर रही है।

अशोक वाटिका का निर्माण हो जाने से नगरवासियों के साथ क्षेत्रभर के लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस मौके पर इओ पवन किशोर, जेई नगर पालिका जग प्रसाद, सीएनडीएस जेई धर्मेंद्र गौतम, रवि अवस्थी, कमलेश राजपूत, विजय तोमर, राजेंद्र राजपूत, राजेश जायसवाल, आशुतोष अनल, जरनैल सिंह, सुनील मौर्या, उमेश वर्मा सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

विवादों के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए- जिलाधिकारी



सीतापुर। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रथमेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कोतवाली नगर सीतापुर में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। राजस्व से संबंधित विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवादों के प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील मामलों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी की जाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला संबंधी अपराधों, भूमि विवादों एवं अवैध कब्जों से जुड़े मामलों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण का पूर्ण विवरण दर्ज करने तथा समस्त अभिलेखों को अद्यतन बनाए रखने के निर्देश भी दिये गये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर जनार्दन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यालय पर संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री महेंद्र लोधी भी मौजूद रहे। बैठक में आगामी एवं वर्तमान संगठनात्मक अभियानों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंह ने विशेष रूप से मतदाता जोड़ो अभियान की प्रगति की जानकारी ली तथा विधानसभा स्तर पर आयोजित की जा रही चौपालों की स्थिति के बारे में चर्चा की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने जिले में चल रही संगठनात्मक कार्ययोजना से मुख्य अतिथि को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जनपद की सभी विधानसभाओं में मतदाता जोड़ो अभियान के तहत बूथ स्तर तक कार्यकर्ता सक्रिय हैं। साथ ही चौपालों के माध्यम से आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि ने जनप्रतिनिधियों से भी संवाद किया। इस अवसर पर सदर विधायक एवं राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, एमएलसी पवन सिंह चौहान, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर उपस्थित रहीं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कर्मवीर सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक बूथ पर मतदाता जोड़ो अभियान को पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ संचालित किया जाए। चौपालों के माध्यम से जनता की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया जाये। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिये।

जल जोगिनी मंदिर विवाद आपसी समझौते से सुलझा

बिसवां नगर (सीतापुर)। कस्बे के मोहल्ला झज्जर स्थित जल जोगिनी माता मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद दरवाजा खोलने और पुरानी मूर्ति की स्थापना को लेकर चल रहा विवाद शनिवार को आपसी सहमति से सुलझ गया। उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह, लेखपाल नीलेश यादव, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी विजय अवस्थी तथा वरिष्ठ पत्रकार पीयूष वाजपेई की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ। समझौते के अनुसार मंदिर को सार्वजनिक मानते हुए दक्षिण दिशा की ओर एक नया दरवाजा खोला जाएगा।

कीटनाशक पीने वाली महिला की उपचार के दौरान मौत

बिसवां नगर (सीतापुर)। तहसील क्षेत्र अंतर्गत थाना मानपुर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला द्वारा शनिवार दोपहर अज्ञात कारणों से कीटनाशक पदार्थ पी लिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मानपुर थाना क्षेत्र के मझवा गांव निवासी राजू की 18 वर्षीय बेटी सोमवती ने शनिवार दोपहर करीब 12 बजे घर में रखा कीटनाशक पदार्थ पी लिया। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। युवती की स्थिति देखकर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने भर्ती कर उपचार शुरू किया। हालांकि करीब डेढ़ घंटे तक चले उपचार के बाद युवती की मौत हो गई। उनकी बेटी मानसिक रूप से बीमार रहती थी।

परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

सिधौली (सीतापुर)। कस्बे के मोहल्ला बाजार निवासी मिठाई व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता उर्फबड़े मुन्ना (पुत्र स्वर्गीय राजाराम गुप्ता) शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गये। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने सिधौली कोतवाली पहुंचकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार बड़े मुन्ना शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे घर से कुछ देर में वापस आने की बात कहकर निकले थे।

उनके घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद आसपास के इलाकों और रिश्तेदारियों में उनकी तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। देर रात परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि उन्हें व्यापारी के करीब रात दस बजे सिधौली रेलवे स्टेशन के आसपास देखे जाने की जानकारी मिली है।

थाना दिवस में हुई शीघ्र निस्तारण की कार्यवाही



महोली (सीतापुर)। थाना परिसर में अपर जिलाधिकारी खालिद अंजुम व अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक धीरज शुक्ल के द्वारा थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी की मौजूदगी में फरियादियों की आई शिकायतों को महिला आरक्षी पूजा शर्मा के द्वारा सूचीबद्ध किया गया। दर्ज हुई कुल पांच शिकायतों में से विद्युत विभाग से जुड़ी एक का मौके पर निस्तारण कराया गया और शेष के लिए टीम गठित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसी बीच अपर जिलाधिकारी खालिद अंजुम ने पूर्व के दर्ज मामलों का फीडबैक लिया। जिसमें फरियादियों ने संतुष्टि जाहिर की। शिकायतों में प्रमुख रूप से ससुर्दीपुर ग्राम सभा में लम्बे समय से सुशील शुक्ला की जमीन पर जबरन कूड़ा डालने का मामला रहा। जिसमें एडीएम ने कानून गो को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। थाना दिवस में प्रमुख जगदीश प्रसाद, रामासरे चौधरी, शिव कुमार, विनोद सिंह ,आदि पुलिस अफसरों के साथ महज कानून गो, रामकुमार, लेखपाल आनन्द मोहन, आकांक्षा, व सरस्वती वर्मा, नपं रामेश्वर प्रसाद की मौजूदगी रहीं तो तमाम लेखपालों और अन्य विभागों के अधिकारी नदारद रहे।

करोड़ों की लागत से बना बस स्टैंड खाली, निजी ढाबों पर रुक रहीं रोडवेज



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भेटरिया क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे करोड़ों रुपये की लागत से बना बस स्टैंड यात्रियों के लिए उपयोगी साबित नहीं हो रहा है। यहां बसें नहीं रुकतीं, जबकि अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर निजी होटल और ढाबों के सामने रोडवेज बसें नियमित रूप से खड़ी दिखाई देती हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकारी बस स्टैंड को छोड़कर निजी ढाबों पर बसों का ठहराव यात्रियों की परेशानी बढ़ा रहा है। ढाबों पर यात्रियों को महंगे खाद्य पदार्थ खरीदने पड़ते हैं। आरोप यह भी हैं कि बस चालक, परिचालक और ढाबा संचालकों के बीच मिलीभगत के चलते यह व्यवस्था चल रही है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।सवाल यह है कि जब जनता की सुविधा के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर बस स्टैंड बनाया गया है तो रोडवेज बसों का वहां ठहराव क्यों नहीं सुनिश्चित कराया जा रहा? क्या बस स्टैंड केवल निर्माण और उद्घाटन तक सीमित रह गया है?इस संबंध में जिम्मेदार परिवहन अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। यात्रियों ने बस स्टैंड पर बसों का नियमित ठहराव सुनिश्चित कराने और निजी ढाबों पर कथित अवैध ठहराव की जांच कराने की मांग की है।

एसडीएम ने एक दर्जन से अधिक बूथों का किया निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। विधानसभा मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को क्षेत्र के बूथों पर विशेष कैंप लगाए गए। इनमें बीएलओ के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, आशा बहुएं और विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज ने चौखंडी, बदोसराय और मरकामऊ मेलारायगंज समेत एक दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण कर कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि एक जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फॉर्म भरवाकर ऑनलाइन दर्ज कराएं।सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने भारतीपुर, पंजरौली और परसा समेत आधा दर्जन बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को घर-घर जाकर पात्र युवाओं के फॉर्म भरवाने और बीएलओ तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

सिधौली में अनुप्रिया पटेल का जोरदार स्वागत, कार्यकर्ताओं ने लगाए जिंदाबाद के नारे



सिधौली (सीतापुर)। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का शनिवार को सिधौली पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने तहसील तिराहे पर जोरदार स्वागत किया वह गोला गोकर्णनाथ जा रही थी। सुबह करीब 11.10 बजे उनके पहुंचते ही सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने अनुप्रिया पटेल जिंदाबाद और अपना दल जिंदाबाद के नारे लगाकर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं और पुष्पगुच्छ और गदा भेंटकर सम्मानित किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि अनुप्रिया पटेल ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित नहीं किया और स्वागत के बाद आगे रवाना हो गईं। स्वागत के दौरान जाटव आरपी गौतम, प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर पटेल, सदस्य राष्ट्रीय किसान वर्ग पिछड़ा आयोग ब्रजकिशोर, विधानसभा अध्यक्ष, ताराचंद पटेल किसान मंच, राम सकल, सुशील कुमार, जय प्रकाश पटेल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

एक नजर

नीलम सिंह के आवास पर पहुंचीं बस्ती मीडिया सेंटर की चेयरमैन प्रेम मौर्य, जाना कुशलक्षेत्र



अयोध्या धाम। रामनगरी अयोध्या के रामघाट स्थित बस्ती मीडिया सेंटर की महासचिव नीलम सिंह के आवास पर संस्था की चेयरमैन प्रेम मौर्य पहुंचीं। महासचिव नीलम सिंह के पैर में फ्रैक्चर होने की जानकारी मिलते ही चेयरमैन प्रेम मौर्य ने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना तथा पैर में आई चोट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ईश्वर से नीलम सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने और जल्द ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर अपने कार्यों में लौटने की कामना की।इस दौरान उपस्थित पत्रकार बंधुओं के साथ संगठन की मजबूती, विस्तार एवं नए सदस्यों को जोड़ने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान चलाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही पत्रकारों की एकजुटता, आपसी सहयोग और संगठन को नई दिशा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।वहीं, चेयरमैन प्रेम मौर्य के अपने आवास पर पहुंचने पर महासचिव नीलम सिंह भावुक हो उठीं। उन्होंने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत एवं सत्कार किया। इस अवसर पर नीलम सिंह ने कहा कि संगठन से जुड़े सभी पत्रकार साथी एक परिवार की तरह हैं। सुख हो या दुख, हर परिस्थिति में हम सभी एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे।

महोत्सव का विशेष आकर्षण होगा गुफा, भूमि पूजन

रामनगर बाराबंकी। श्रीलोधेश्वर महादेवा में 6 से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले महादेवा महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं।शनिवार को एसडीएम आकांक्षा गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अमरनाथ गुफा की स्थापना के लिए भूमि पूजन एवं कलश स्थापना कर शुभारंभ किया।महोत्सव में अमरनाथ गुफा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगी जहां बाबा बर्फानी के दर्शन का अवसर मिलेगा।बाबा बर्फानी सेवा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजपाल सिंह ज्ञानू ने बताया कि श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

थाना समाधान दिवस एसपी ने कोतवाली नगर में सुनीं जन समस्याएं, निरीक्षण भी



बाराबंकी। शनिवार को पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली नगर में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।जनसुनवाई के बाद एसपी ने कोतवाली नगर के जीडी कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, हवालात और मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, ऑनलाइन प्रविष्टियों, कंप्यूटर व्यवस्था और कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की स्थिति देखी।मालखाने में शस्त्रों, कारतूसों और अन्य सामान के सुरक्षित रखरखाव के साथ रजिस्टरों की जांच की। मिशन शक्ति केंद्र और महिला हेल्प डेस्क के निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को महिला फरियादियों की शिकायतों का संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

महादेवा महोत्सव में 9 को कवि सम्मेलन, 11 दिसंबर को रेणुका पंवार की प्रस्तुति





रामनगर, बाराबंकी। श्रीलोधेश्वर महादेवा में छह से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय महादेवा महोत्सव में इस बार साहित्य, संगीत और मनोरंजन का संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव में नौ दिसंबर को विराट कवि सम्मेलन और 11 दिसंबर को मशहूर गायिका रेणुका पंवार की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होगी।जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की ओर से आमंत्रित कवियों में गीतकार विष्णु कुमार सक्सेना, प्रियांशु गजेंद्र, हास्य कवि शंभू शिखर, अभय सिंह निर्भीक, शिवकुमार व्यास, स्वयं श्रीवास्तव, तिवारी, कृपा संगम और हास्य कवि अनिल चौबे सुप्रसिद्ध कवियत्री कविता तिवारी सम्मिलित हैं। सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य, वीर रस और गीतों की प्रस्तुतियां होंगी।वहीं 11 दिसंबर को हरियाणवी और बॉलीवुड संगीत जगत में पहचान बना चुकीं गायिका रेणुका पंवार अपनी प्रस्तुति देंगी। %52 गज का दामन% जैसे लोकप्रिय गीत से देशभर में पहचान बनाने वाली रेणुका पंवार के कार्यक्रम को लेकर युवाओं और साहित्य एवं संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह है।

चौथी रेलवे लाइन के लिए खेतों का सर्वे, किसानों की जमीन चिह्नित

रामनगर, बाराबंकी। चौकाघाट रेलवे लाइन के पास चौथी रेलवे लाइन बिछाने की तैयारी शुरू हो गई है। रेलवे विभाग के इंजीनियरों और कार्यदायी कंपनी के कर्मचारियों ने मथुरा पुरवा, निजामुद्दीनपुर सहित आसपास के गांवों में किसानों के खेतों का सर्वे कर पत्थर के खंभे लगाकर प्रस्तावित भूमि चिह्नित की है।हल्का लेखपाल आदित्य कुमार के अनुसार प्रभावित किसानों को चिह्नित भूमि पर फसल न बोने की जानकारी दी गई है। प्रस्तावित रेलवे लाइन की जद में राकेश शुक्ला, रामआसरे, राधे शुक्ला, कन्हई और जगदीश समेत कई किसानों की जमीन आ रही है। प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिए जाने की बात कही गई है।उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में तीसरी रेलवे लाइन का निर्माण पूरा हो चुका है। अब चौथी लाइन बिछाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

मतदाता सूची में कोई पात्र व्यक्ति छूटने न पाए- शरद अवस्थी

रामनगर, बाराबंकी। नगर पंचायत रामनगर के कादिराबाद-दो मोहल्ले स्थित रामकली हनुमान मंदिर परिसर में भाजपा के पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने चौपाल लगाकर कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।उन्होंने कहा कि मोहल्ले का कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं को जोड़ने का काम करें। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड, पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की बात कही।चौपाल में मेहंदी हसन, अली हसन, अरविंद, सत्यम, गोपाल श्रीवास्तव, राकेश कश्यप, उमाशंकर, मोनू तिवारी, रमाकांत वाजपेयी और राजेश अवस्थी सहित कई लोग मौजूद रहे।